पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 03.11.2024

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 10 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 02/03.11.2024 को-

01-थाना चिनहट में पंजीकृत मु0अ0सं0 520/2024 धारा 309(5) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सुशील कुमार गौतम उर्फ बऊआ उर्फ अनिल

02-थाना कृष्णानगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 514/2024 धारा 304(2) BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01- मनीष शर्मा 02- विष्णु गोस्वामी

03-थाना ठाकुरगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 517/2024 धारा 317(2)/336(2)/345(3)/347(1) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त लवकुश कश्यप

04-थाना इटौंजा से धारा 170/126/135 BNSS से सम्बन्धित 06 अभियुक्तों 01- मनोज 02- अरविन्द 03- विवेक 04- विकास 05- जशकरन 06- नन्दन

गिरफ्तार।

जोन-पश्चिमी

अज्ञात शव-थाना मानकनगर

आज दिनांक 03.11.2024 को श्री अनिरूद्ध साहित्य पुत्र स्व0 सुनील निवासी-551झ/229 साहित्य कानपुर रोड आलमबाग थाना मानकनगर लखनऊ ने थाना स्थानीय को लिखित सूचना दिया कि वह लोग इस समय हौडेल कालोनी में रहते हैं और उनका उक्त मकान पिछले कई महीनों से बन्द रहता है। आज समय करीब 11.30 बजे जानकारी हुयी कि उनके उक्त मकान के सीढ़ियों के नीचे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है।

इस सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर देखा गया कि उक्त मकान के सीढ़ियों के नीचे रखे कूडे के ढेर में **एक अज्ञात महिला उम्र करीब 50 वर्ष का शव पड़ा हुआ है जो कि करीब 06 से 07 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।** आस-पास के लोगों से प्रथमदृष्टया जानकारी हुयी कि मृतक महिला वहीं आस-पास रहकर कबाड़ बीनने का काम करती थी। **शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**